हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, बुधवार, 18 दिसंबर 2024


## गढ़ मंदिर में 22 को मनाया जाएगा राम उत्सव



**रामटेक।** आगामी 22 जनवरी को रामटेक स्थित प्रभु राम मंदिर, जिसे गढ़ मंदिर भी कहा जाता है, में भव्य राम उत्सव मनाया जाएगा। यह जानकारी राज्य मंत्री आशिष जैस्वाल ने बीसीएन को दी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पहले ही घोषणा की थी कि अगले साल से 22 जनवरी को राम उत्सव का आयोजन रामटेक में किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन कीर्तन और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। राम उत्सव का आयोजन प्रभु राम के प्रति आस्था और श्रद्धा को और भी मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह उत्सव रामटेक की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



**विधान भवन में मंत्रियों की चहल पहल ....** | नागपुर में विधानसभा का शीत सत्र जारी है। इस दौरान राज्य के अनेक दिग्गज मंत्रियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इस बार विधानसभा का शीत सत्र केवल एक सप्ताह का होगा।

# मनपा के 45 अधिकारियों की मिली पदोन्नति


## शीत सत्र के दौरान सीएम फडणवीस ने दी मंजूरी

**नागपुर।**

नागपुर में चल रहे शीत सत्र के दौरान नागपुर शहर के लिए प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर महानगरपालिका के 45 अधिकारियों की पदोन्नति को मंजूरी दी है। मनपा आयुक्त डॉ.अभिजीत चौधरी द्वारा राज्य सरकार को यह प्रस्ताव भेजा गया था, जिसे मुख्यमंत्री ने मंजूरी दी। इस फैसले से मनपा के अधिकारियों और कर्मचारियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

मुख्यमंत्री की इस मंजूरी के तहत सहायक आयुक्त/वार्ड अधिकारी गणेश राठौड़ को उपायुक्त के पद पर, 9 उपअभियंताओं को कार्यकारी अभियंता के पद पर, 34 कनिष्ठ अभियंता को उपअभियंता के पद पर और मुख्याध्यापक (माध्यमिक) साधना सयाम को शिक्षणाधिकारी (माध्यमिक) के पद पर पदोन्नति दी गई है।

नगर विकास विभाग के 10 मई 2023 के शासन निर्णय के अनुसार नागपुर महानगरपालिका के 17,981 पदों के संयुक्त ढांचे को मंजूरी



मिली थी। महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम के तहत मनपा आयुक्त डॉ.चौधरी की अध्यक्षता में पदोन्नति समीक्षा समिति का गठन किया गया था। इस समिति की बैठक 24 सितंबर 2024 को आयोजित की गई थी, जिसमें पात्र अधिकारियों की पदोन्नति की सिफारिश की गई।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए पदोन्नति को मंजूरी देने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर विकास विभाग के सह सचिव विद्या हम्पय्या ने आदेश जारी किया।

जारी आदेश के अनुसार, एक सहायक आयुक्त/वार्ड अधिकारी को उपायुक्त पद पर, 9 उपअभियंताओं को कार्यकारी अभियंता पद पर, 34 कनिष्ठ अभियंताओं को उपअभियंता पद पर और एक मुख्याध्यापक (माध्यमिक) को शिक्षणाधिकारी (माध्यमिक) के पद पर पदोन्नति दी गई। वर्षों बाद इतनी बड़ी संख्या में हुई पदोन्नति से मनपा के अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री फडणवीस और राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## विरोधी दलों ने किया प्रदर्शन

**नागपुर।** शीतसत्र के दूसरे दिन विरोधी दलों ने परभणी और बीड के मामलों को लेकर विधानसभा के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इन मामलों को लेकर विपक्षी नेताओं ने सत्ता पक्ष के खिलाफ नारेबाजी की और सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की।

विरोधी दलों का कहना था कि इन दोनों मामलों में सरकार की चुप्पी और लापरवाही से जनता में आक्रोश है। परभणी और बीड में हुए घटनाक्रमों के विरोध में विपक्षी नेताओं ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और इन मुद्दों को विधानसभा में उठाने की चेतावनी दी। विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे नेताओं ने सत्ता पक्ष का अत्याचार नहीं चलेगा", "गंभीर मामलों पर कार्रवाई करो" जैसे नारे लगाए। विरोध में शामिल नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार अपनी जिम्मेदारियों से भाग रही है और जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रही है। इस बीच, सत्ता पक्ष के नेताओं ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा कि सरकार जनता के हित में काम कर रही है और सभी मामलों की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

# अधिकारियों-कर्मियों के सोशल मीडिया उपयोग पर लगाएं प्रतिबंध

### >विधायक डॉ.परिणय फुके की मुख्यमंत्री से मांग

**नागपुर।** सोशल मीडिया का उपयोग आज के समय में न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रहा है। आम नागरिकों पर इसके उपयोग को लेकर कोई विशेष प्रतिबंध नहीं है, लेकिन अब सरकारी अधिकारी और कर्मचारी भी सोशल मीडिया जैसे इंस्टाग्राम, फेसबुक और स्नैपचैट का बिना किसी सीमा के उपयोग कर रहे हैं। इनमें न केवल राजनीतिक टिप्पणी करना और सरकारी नीतियों की खुलकर आलोचना करना शामिल है, बल्कि शासकीय संपत्ति, वाहनों और कार्यालयों में इंस्टाग्राम रील्स बनाकर स्वयं का प्रचार भी कर रहे हैं।

इस स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए विधायक डॉ.परिणय फुके ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के सोशल मीडिया उपयोग को लेकर सख्त नियमों और कानूनों की कठोरता से लागू करने की मांग की है।

डॉ.परिणय फुके ने कहा कि सरकारी अधिकारी चाहे केंद्र सरकार के हों या राज्य



सरकार के, उनके सोशल मीडिया पर लिखे या कहे गए शब्दों का एक अलग ही प्रभाव पड़ता है। ऐसे में अधिकारी सोशल मीडिया पर ऐसा आभास कर रहे हैं जैसे कि पूरी व्यवस्था उन्हीं के कंधों पर चल रही है। लोक प्रतिनिधियों और मंत्रियों की परवाह किए बिना यह कदाचार अब आम हो चुका है, जिस पर नियंत्रण जरूरी है।

डॉ.फुके ने बताया कि सरकारी अधिकारियों के सोशल मीडिया उपयोग को लेकर पहले से ही नियम और कानून बने हुए हैं। इनमें केंद्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (2011 के सोशल मीडिया दिशा-निर्देश), आईटी अधिनियम, 2000 और महाराष्ट्र नागरी सेवा (आचरण) नियम, 1979 जैसे प्रावधान शामिल हैं। इसके अलावा, महाराष्ट्र सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग का सोशल मीडिया से संबंधित परिपत्र (2014) और सरकारी अधिकारियों के जिम्मेदार सोशल मीडिया उपयोग पर विभागीय परिपत्र (2021) जैसे दस्तावेज भी मौजूद हैं।

विधायक डॉ.फुके ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इन कानूनों और नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही, सोशल मीडिया के गैर-जिम्मेदाराना उपयोग को रोकने के लिए सख्त प्रतिबंध लागू करते हुए संशोधित दिशानिर्देश जल्द से जल्द जारी किए जाएं।



# कुरआन तिलावत स्पर्धा में अफ़्फ़ान ने मारी बाजी

**नागपुर।**

अंजुमन हाईस्कूल और जूनियर कॉलेज, सदर के कक्षा 10वीं के छात्र अफ़्फ़ान सईद ने हुस्सामिया बॉयज हाईस्कूल में आयोजित अंतर-विद्यालय कुरआन तिलावत प्रतियोगिता (स्तर 3 -पूरे कुरआन) में दूसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने भाग लिया।

अफ़्फ़ान की उत्कृष्ट तिलावत, स्पष्टता और तजवीद पर पकड़ ने निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। इतनी कठिन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अफ़्फ़ान ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता के प्रभारी शिक्षक मोहम्मद साजिद थे।

प्रधानाचार्य राबिया अंजुम, उप-प्रधानाचार्य मोहम्मद जावेद, पर्यवेक्षक सफिया बेगम और समस्त स्टाफ ने अफ़्फ़ान को इस प्रतिष्ठित उपलब्धि के लिए बधाई दी और भविष्य के प्रतियोगिताओं में और सफलता की शुभकामनाएं दीं। उनकी यह उपलब्धि सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है और उन्हें शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करती है।

# उद्धव ठाकरे ने लाड़ली बहन योजना पर की टिप्पणी

**मुंबई।**

महाराष्ट्र में महायुति सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विवाद थमता नहीं दिख रहा है। अजित पवार गुट के नेता छगन भुजबल ने मंत्री नहीं बनाए जाने पर नाराजगी जताई है, वहीं विपक्षी पार्टियां मंत्रियों के विभागों के बंटवारे में हो रही देरी पर सवाल उठा रही हैं। इस बीच शिवसेना के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इस मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

उद्धव ठाकरे ने कहा, भुजबल और जिनको मंत्री नहीं बनाया गया, उनके बारे में मुझे दुख हो रहा है। सरकार में कुछ ठीक नहीं है। कैबिनेट विस्तार हुआ, लेकिन पोर्टफोलियो का बंटवारा अभी तक नहीं हुआ। कैबिनेट विस्तार हुआ, लेकिन नाराजगी की ज्यादा चर्चा हो रही है।

उन्होंने मंत्री शपथ लेने के बाद सीएम द्वारा मंत्रियों के सदन में परिचय कराए जाने की परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा, सीएम को उन मंत्रियों का परिचय कराना पड़ा, जिनके ऊपर ईडी के कई केस हैं

पूर्व मंत्री छगन भुजबल से संपर्क के बारे में पूछे जाने पर उद्धव ठाकरे ने कहा,भुजबल से मेरी अभी बात नहीं हुई, लेकिन वह बीच-बीच में मुझसे संपर्क में रहते हैं।

उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार को लाडली बहन योजना पर भी घेरा। उन्होंने कहा,मेरी मांग है कि लाडली बहन योजना को तत्काल शुरू करें और जो वादा किया था, वैसे ही 2100 रुपये महिलाओं को बिना किसी नियम-शर्त के दिए जाएं।




### वन नेशन, वन इलेक्शन पर भी सवाल उठाए

उद्धव ठाकरे ने वन नेशन, वन इलेक्शन की योजना पर भी सवाल उठाए और कहा, यह सिर्फ ध्यान भटकाने की कोशिश है। अगर लोग शंका में हैं तो पहले बैलेट पेपर पर चुनाव करवा लें। चुनाव आयुक्त का चुनाव भी लोगों द्वारा होना चाहिए। उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, "यह सरकार ईवीएम सरकार है। ईवीएम सरकार को शुभकामनाएं, उनका पहला सत्र है। चुनाव जीतने के बाद जश्न नहीं दिखा।

## रिश्वत लेते एजेंट के साथ पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार

**नागपुर।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक कार्रवाई को अंजाम देते हुए अंटी करप्शन ब्यूरो ने एक ट्रैप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो सरकारी कामों के बदले रिश्वत की मांग कर रहे थे। यह कार्रवाई उमरेड तहसील के कळमना गांव में हुई, जहाँ एक पटवारी और एक निजी एजेंट को रंगे हाथ पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, तक्रारदार ने आरोप लगाया था कि उसे वनविभाग द्वारा उसकी फसलों की जंगली जानवरों द्वारा की गई नुकसान के बदले आर्थिक मुआवजा दिलवाने के लिए अर्ज़ी देनी थी। इस दौरान, तलाठी रुपाली अरविंद मानकर और निजी एजेंट आशिष गुलाबराव देशमुख ने मिलकर तक्रारदार से 3000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

# दटके ने की एनआईटी बर्खास्त करने की मांग

**नागपुर।**

मंगलवार को विधानसभा में मध्य नागपुर के विधायक प्रविण दटके नेनागपुर से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) को बरखास्त करने की मांग उठाई। दटके ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि नागपूर में एनआईटी के कार्यकाल में कई समस्याएं सामने आई हैं, जिनसे छात्रों और नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि संस्थान का प्रशासन उचित तरीके से काम नहीं कर रहा और स्थानीय विकास में संस्थान की भूमिका नगण्य रही है।



दटके ने राज्य सरकार से अपील की नागपूर के विकास के लिए एनआईटी का कार्यकाल खत्म किया जाए और उसे एक नई दिशा दी जाए। विधायक ने यह भी कहा कि अगर एनआईटी को बरखास्त किया जाता है, तो इससे स्थानीय समुदाय को बेहतर सुविधाएं और विकास की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

# करदाताओं के प्रति रखें सहृदयता: राधाकृष्णन

## राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी के 78वें प्रशिक्षण सत्र का हुआ उद्घाटन

**नागपुर।**

करदाताओं से प्राप्त कर राजस्व का उपयोग उनके लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाओं के विकास में किया जाता है। यह संदेश सकारात्मक तरीके से विभिन्न माध्यमों से करदाताओं तक पहुँचाने की जरूरत है। आयकर अधिकारियों को करदाताओं के प्रति सहृदयता रखते हुए सक्षम और पारदर्शी तरीके से कार्य करना चाहिए। यह विचार महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने मंगलवार को व्यक्त किए।

राज्यपाल राधाकृष्णन राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी में भारतीय राजस्व सेवा की 78वीं बैच के प्रशिक्षण सत्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के सदस्य हरिंदर बीर सिंह गिल, प्रधान महानिदेशक (प्रशिक्षण) संजय बहादुर, अकादमी के महानिदेशक पी. सेलवा गणेश, अपर महानिदेशक मुनीष कुमार, शिदारामप्पा कपटनवार, आकाश देवांगन, अंकुर आलिया सहित प्रशिक्षु अधिकारी और उनके परिजन उपस्थित थे।




राज्यपाल ने कहा कि यह प्रशिक्षण सत्र अधिकारियों को एक उत्कृष्ट प्रशासक के रूप में तैयार करेगा। यह सत्र उनके करियर का महत्वपूर्ण पड़ाव है और उनके व्यक्तित्व निर्माण में अकादमी की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का कर्तव्य है कि वे करदाताओं के साथ उचित व्यवहार करते हुए कर संग्रहण करें। नैतिकता और आदर्श मूल्यों से समझौता न करते हुए अपने दायित्वों का न्यायपूर्ण निर्वहन करें।

उन्होंने कहा कि अकादमी ने अपनी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखते हुए बड़ी संख्या में अधिकारियों को प्रशिक्षित किया है। यह गर्व की बात है कि इस वर्ष 78वीं बैच प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। राज्यपाल ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने में इन अधिकारियों का योगदान महत्वपूर्ण होगा। इससे पूर्व, अकादमी के अधिकारी अंकुर आलिया ने 78वीं बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत में पौधरोपण भी किया गया।

### 16 माह का सेवापूर्व प्रशिक्षण

राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी (एनएडीए) केंद्र सरकार की भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) के अधिकारियों के लिए सर्वोच्च प्रशिक्षण संस्थान है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से भर्ती हुए अधिकारियों को क्षेत्रीय कार्यालयों में नियुक्ति से पूर्व एनएडीए, नागपुर में 16 महीने का सेवापूर्व प्रशिक्षण दिया जाता है।

### 145 प्रशिक्षु अधिकारी

78वीं बैच में 2 रॉयल भूटान सर्विस अधिकारियों समेत कुल 145 अधिकारी शामिल हैं। यह प्रशिक्षण उन्हें राष्ट्र निर्माण में प्रभावी योगदान के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और मानसिकता से लैस करता है। यह प्रशिक्षण 'विकसित भारत' की अवधारणा पर आधारित है। अधिकारियों के बीच उत्कृष्टता, उत्तरदायित्व और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कक्षा सत्र, अभ्यास, केस स्टडी और संवाद आधारित सत्रों का समावेश होता है, जिसमें कर प्रशासन, नेतृत्व और सार्वजनिक सेवा के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है।




# छात्रों का हो रहा है मानसिक उत्पीड़न

**सावनेर.**




महाराष्ट्र सरकार द्वारा ग्रामीण युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं (आईटीआई) स्थापित की गई हैं। इन संस्थानों में ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र कड़ी मेहनत कर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल बन सके।

हालांकि, सावनेर के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में छात्रों को उचित शिक्षा देने के बजाय मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने आरोप लगाया है कि प्राचार्य और शिक्षकों का व्यवहार संदिग्ध है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

शिकायत वापस लेने का दबाव, भविष्य बर्बाद करने की धमकी

छात्रों के अनुसार, जब उन्होंने संसाधनों की कमी और शिक्षकों के अनुचित व्यवहार के खिलाफ कई बार मौखिक और लिखित रूप से शिकायतें कीं, तो उनके साथ दुर्व्यवहार शुरू हो गया। छात्रों को अलग-अलग कमरों में बुलाकर धमकियां दी जा रही हैं कि यदि उन्होंने शिकायत वापस नहीं ली तो उनके प्रैक्टिकल के अंक काट लिए जाएंगे। इतना ही नहीं, उन्हें यह भी कहा जा रहा है कि पास होने के बावजूद उन्हें किसी कंपनी में नौकरी नहीं मिलेगी।

न्याय की गुहार: मुख्यमंत्री और विधायकों को सौंपा ज्ञापन

छात्रों ने मानसिक उत्पीड़न और भविष्य खराब करने के प्रयासों से परेशान होकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार तथा सावनेर-कलमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. आशीष देशमुख को न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। छात्रों ने तहसीलदार कार्यालय के माध्यम से सामूहिक ज्ञापन सौंपा।

तहसीलदार की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार प्रशांत गोविंदवार ने छात्रों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और ज्ञापन स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि इसे मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और क्षेत्र के विधायक तक पहुंचाया जाएगा।

### छात्रों और अभिभावकों की निगाहें कार्रवाई पर

अब छात्रों और उनके अभिभावकों की निगाहें इस बात पर टिकी हुई हैं कि राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार और विधायक डॉ. आशीष देशमुख इस गंभीर मामले में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले प्राचार्य और शिक्षकों के खिलाफ क्या कार्रवाई करते हैं। छात्रों ने मांग की है कि मानसिक उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाए ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।



# भाजपा ने समस्याओं को लेकर मुख्याधिकारी को दिया ज्ञापन

**कोराड़ी.**

भाजपा महादुला की ओर से शहर अध्यक्ष प्रीतम लोहासारवा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल द्वारा महादुला नगर पंचायत मुख्याधिकारी शुभम पाटिल को सोमवार को एक ज्ञापन सौंपकर महादुला नगर पंचायत के अंतर्गत आने वाले वार्डों की विभिन्न समस्याओं को लेकर साथ ही बचे हुए विकास कार्यों में तेजी लाने मांग की गई. इस मौके पर महादुला भाजपा के शहर पालक रामबाबु तोडवाल, शहर उपाध्यक्ष विश्वनाथ चव्हाण, महिला आघाड़ी शहर अध्यक्ष सौ. किरन कटरे, अनुसूचित जाती मोर्चा नागपुर जिला महामंत्री राहुल बागडे, ओबीसी शहर अध्यक्ष नानाजी लांडे, शक्ति केंद्र प्रमुख जितेंद्र लोहासारवा, सूरज उपाध्याय, सौ ओमशीला खोब्रागडे, विजय खोब्रागडे, शेखर धकाते, पियुष आंजनकर, सौ निशा गेडाम, सौ आरती हरिहर, अरुण गेडाम, सागर मडावी, प्रवीण गजभिये सहित अन्य नागरिकगण प्रमुखता से मौजुद रहें.

# रॉयल एनफील्ड के प्रि-ओन्ड मोटरसाइकिल बिज़नेस - रिओन का हुआ विस्तार

**नागपुर.**

मिड-साईज़ (250सीसी-750सीसी) मोटरसाईकल सेगमेंट में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने आज अपने प्रि-ओन्ड मोटरसाईकल बिज़नेस, रिओन का विस्तार किया। अब भारत के 236 शहरों में ग्राहक और रॉयल एनफील्ड बाईक प्रेमी अपनी पुरानी मोटरसाईकल को बेचकर नई रॉयल एनफील्ड बाईक आसानी से खरीद सकेंगे. 2023 में भारत के कुछ शहरों में पुरानी रॉयल एनफील्ड मोटरसाईकल खरीदने और बेचने के लिए रॉयल एनफील्ड का एक पारदर्शी प्लेटफॉर्म, रिओन पेश किया गया था.अब भारत के 24 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 236 शहरों में 475 रॉयल एनफील्ड डीलरशिप्स पर रिओन की सुविधा उपलब्ध है। यह भरोसेमंद और प्योर मोटरसाईक्लिंग अनुभव पेश करने वाली मोटरसाईकल प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगा.



रॉयल एनफील्ड ने इस नेटवर्क विस्तार के अलावा एक्सचेंज बेनेफिट्स के साथ पहला लॉयल्टी प्रोग्राम भी पेश किया है.

इस प्रोग्राम द्वारा ग्राहक अपनी पुरानी रॉयल एनफील्ड मोटरसाईकल को रिओन के आरई-टू-आरई एक्सचेंज के माध्यम से नई मोटरसाईकल से बदल सकते हैं.

# तेजस ने किया जरूरतमंदों को अनाज का वितरण

**कामठी.**

तेजस बहुउद्देशीय संस्था द्वारा पिछले 5 वर्षों से हर महीने में जरूरतमंदों को अनाज व किराना सामान वितरण किया जा रहा है. इसी तरह इस महीने में भी प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को 10 किलो चावल, 10 किलो गेंहू व किराना सामान जयभीम चौक, भाजी मंडी, कुंभारे कॉलोनी, कादर झंडा मस्जिद के पीछे, छोटी अजनी, कन्हान सत्रापुर में वितरण किया गया.

वितरण करते समय संस्था अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार, उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे , मार्गदर्शक एम.ए.जब्बार, सदस्य नरेश शिंदे, अभय पेटारे, आकाश जगनित सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे. ज्ञात हो कि अनाज व किराना सामान दानकर्ताओं में कामठी छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र भूटानी, विदर्भ वादी नेता सी.ए.सुनील चोखारे, सी.ए. शिल्पी टिबड़ीवाल, तिवारी गैस एजंसी के संचालक जयप्रकाश उर्फ बबलु तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र उर्फ मोंटू भुटानी, राजू अग्रवाल जी.डी., महाराष्ट्र कपड़ा केंद्र कामठी संचालक मनोज बतरा, उपजिला रुग्णालय कामठी की अधीक्षक नयना दुफारे, सामाजसेविका रजनी पिल्ले मॅडम, संस्था मार्गदर्शक संपादक एम.ए. जब्बार, संस्था उपाध्यक्ष देवीदास पेटारे, संस्था संस्थापक अध्यक्ष चंद्रशेखर अरगुलेवार आदि गणमान्यों का समावेश है.



# विकास पब्लिक स्कूल में गायन प्रतियोगिता संपन्न

**नागपुर.**

जानकी नगर स्थित जानकी शिक्षण संस्था द्वारा संचालित विकास पब्लिक स्कूल में 14 दिसंबर को भव्य गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में जानकी शिक्षण संस्था के सचिव गुणवंतराव इंगोले और अध्यक्ष चंदा इंगोले उपस्थित थे। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में मिस्टर प्रिंस चंद्रकांत मीरुगवार ने अपनी भूमिका निभाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या छाया भगत ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उद्घाटन के दौरान उपस्थित अतिथियों ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय द्वारा तैयार किए गए वातावरण की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। गायन प्रतियोगिता में नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने मधुर गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने गायन से छात्रों ने न केवल दर्शकों बल्कि निर्णायकों से भी खूब प्रशंसा बटोरी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने कड़ी मेहनत की। कार्यक्रम का संचालन लीना रंजीत समरीत ने कुशलतापूर्वक किया। इस आयोजन को सफल बनाने में सभी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# परभणी में संविधान की प्रतिकृति तोड़ने पर सौंपा ज्ञापन

**वाडी.**

परभणी शहर में 10 दिसंबर को डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा के सामने संविधान की प्रतिकृति तोड़ने की घटना हुई है. इस घटना का असर पूरे महाराष्ट्र में देखने को मिल रहा है. कुछ लोगों की महाराष्ट्र में शांति भंग करने की मंशा नजर आ रही है. घटना को रोकने वाले लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किये जा रहे हैं. प्रतिबंध लगाया जा रहा है.विरोधियों द्वारे समुदाय के भीतर संघर्ष पैदा करने के तरीके खोजने का प्रयास किया जा रहा है।




इसलिए वाडी शहर महाविकास अघाड़ी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने पूरी घटना की निंदा की। ऐसा ज्ञापन वाडी के पुलिस निरीक्षक राजेश तटकरे के माध्यम से दिया गया था। इस अवसर पर अश्विन बैस, शैलेश थोराने, वसंतराव इखनकर, संतोष नरवाडे, सुरेंद्र मोरे, मधु मानके पाटिल, रूपेश झाडे, अशोक गाडालिंगे, रतन चंकापुरे, श्रीकात ढोणे, दिलीप गोंडेकर, अश्विन दुर्गे, नितिन थोराने, भीमराव कांबले, गौतम तिरपुड़े, मनीष टेबरे, संदीप रायजादा सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मनपा और स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्टों का प्रधान सचिव ने किया निरीक्षण

**नागपुर.**

महाराष्ट्र शासन के नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव डॉ. के. एच. गोविंद राज ने मंगलवार (17 तारीख) को नागपुर महानगरपालिका और नागपुर स्मार्ट सिटी के विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने नागपुर स्मार्ट सिटी द्वारा नागपुर पुलिस के लिए तैयार किए गए 'कमांड कंट्रोल सेंटर' का भी जायजा लिया। इस अवसर पर नागपुर पुलिस आयुक्त डॉ. रविंद्र सिंगल, मनपा की अतिरिक्त आयुक्त आंचल सूद गोयल, पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी, डॉ. अश्विनी पाटिल और मनपा के अतिरिक्त आयुक्त अजय चारठाणकर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

प्रधान सचिव डॉ. गोविंद राज ने सबसे पहले मनपा मुख्यालय स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज प्रशासकीय इमारत के छठे तल पर श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी सिटी ऑपरेशन सेंटर का निरीक्षण किया। मनपा और नागपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने उन्हें सिटी ऑपरेशन सेंटर से किए जा रहे कार्यों, जैसे कि घनकचरा प्रबंधन, 'आपली बस', 'इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' और नागरिक समस्याओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान प्रक्रिया की जानकारी दी।

स्मार्ट सिटी ई-गवर्नेंस विभाग के महाव्यवस्थापक डॉ. शील घुले ने बताया कि 'नागपुर सेफ एंड स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट' के तहत शहर में 3600 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ कैमरे विकास कार्यों के चलते फिलहाल बंद हैं। स्मार्ट सिटी द्वारा स्मार्ट पार्किंग और वाईफाई जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। अधिवेशन के दौरान अपराध पर नियंत्रण रखने में इन कैमरों की बड़ी भूमिका रहती है। उन्होंने बताया कि महामेट्रो, मॉल्स और अन्य बाजार क्षेत्रों के 4000 कैमरे भी इस सिस्टम से जोड़े गए हैं। शहर में 350 नए स्थानों पर 2000 और कैमरे लगाने की मांग की जा रही है। 'इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' पर जानकारी देते हुए अतिरिक्त आयुक्त श्री अजय चारठाणकर ने बताया कि केल्ट्रॉन कंपनी इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है और यह अगले वर्ष तक पूरा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से नागपुर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।




इस दौरान प्रधान सचिव को यह जानकारी दी गई कि घनकचरा प्रबंधन विभाग द्वारा घर-घर से कचरा उठाने वाले वाहनों की ट्रैकिंग यहीं से की जा रही है। इसके अलावा, 'आपली बस', अग्निशमन विभाग के वाहनों और सीवरेज नेटवर्क कार्यों की भी जानकारी प्रधान सचिव को दी गई।

नागपुर स्मार्ट सिटी द्वारा नागपुर पुलिस के लिए तैयार किए गए 'कमांड कंट्रोल सेंटर' में आधुनिक तकनीकों के माध्यम से अपराधियों को पकड़ने वाले 'सिंबा' सॉफ्टवेयर की जानकारी भी प्रधान सचिव को दी गई। पुलिस उपायुक्त लोहित मतानी ने बताया कि नागपुर पुलिस अब आवाज और चेहरे के आधार पर भी अपराधियों का पता लगा सकती है।इस अवसर पर मनपा उपायुक्त विजय देशमुख, डॉ. गजेंद्र महाले, स्मार्ट सिटी की कंपनी सचिव भानुप्रिया ठाकुर, कार्यकारी अभियंता राजेश दुफारे, राजेश राठौड़, स्वप्नील लोखंडे समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पेड़ काटने पर 50 हजार रुपए लगेगा जुर्माना, राज्य सरकार का फैसला

**नागपुर.**

पेड़ काटने पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाने की तैयारी राज्य सरकार ने की है। इस संबंध में विधानसभा में विधेयक पेश किया गया है। मंत्री चंद्रकांत पाटील ने विधानसभा विधेयक क्रमांक 25 पेश करते हुए कहा कि पेड़ों के संरक्षण के लिए सरकार ठोस उपाय योजना करना चाहती है। विधेयक के अनुसार पेड़ काटने पर 50 हजार रुपए जुर्माना का प्रावधान किया जा रहा है। इससे पहले पेड़ काटने पर एक हजार रुपए का जुर्माना अपर्याप्त है। विधेयक से नगरीय क्षेत्र को अलग रखा गया है। अधिकारी की अनुमति के बिना पेड़ काटने पर एक हजार रुपए जुर्माना का प्रावधान है। 1964 से यह अधिनियम लागू है। जुर्माना की रकम कम होने से अवैध पेड़ कटाई की घटनाएं बढ़ रही हैं, इसलिए अधिनियम में संशोधन कर जुर्माना बढ़ाया जाएगा।

राज्य में जिला परिषद व पंचायत समिति के पदाधिकारियों का चुनाव लंबित है। इस चुनाव के लिए राज्य सरकार अवधि बढ़ाएगी। इस संबंध में विधानसभा में विधेयक पेश किया गया है। सोमवार को मंत्री चंद्रकांत पाटील ने विधानसभा विधेयक क्रमांक 22 पेश करते हुए कहा कि राज्य में 8 जिला परिषदों के पदाधिकारियों के चुनाव लंबित है। इन समितियों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, उपसभापति, विषय समिति सभापति के कार्यकाल अक्टूबर-नवंबर 2024 में समाप्त होने वाले थे, लेकिन विधानसभा चुनाव के कारण इन समितियों के पदाधिकारियों के चुनाव नहीं हो पाए। राज्य में 1946 नगर परिषदों में से 105 नगर परिषदों के चुनाव लंबित हैं। इनके चुनाव के लिए भी अवधि बढ़ाई जाएगी। विधानसभा विधेयक क्रमांक 23 महाराष्ट्र नगर परिषद, नगर पंचायत और औद्योगिक नगरी सुधार विधेयक 2024 पेश किया गया है।

# बांग्लादेश से जुड़े नागपुर के तस्करों के तार

## > पुलिस में खुल सकते हैं कई राज

**नागपुर.**

शांति नगर इलाके में दामू चंदवानी के गोदाम से एफडीए की टीम ने पुलिस के साथ 103 बोरे सुपारी सहित करीब 18 लाख रुपए का माल जब्त किया है। इस मामले की गहन जांच कर एफडीए की टीम इस बात का पता लगा रही है कि, नागपुर में सुपारी के अवैध कारोबार में कहां कनेक्शन जुड़ा हुआ है। गोदाम से जब्त 18 लाख की सुपारी मामले में बड़े खुलासे होने की संभावना पुलिस की ओर से व्यक्त की जा रही है।



नागपुर के कई कारोबारियों के तार बांग्लादेश से जुड़े होने की चर्चा है। 12 दिसंबर को बांग्लादेश का जावेद उर्फ जोजो नामक सुपारी तस्कर आया था और 13 दिसंबर को नागपुर के हवाईअड्डे से कोलकाता जाने की चर्चा सुपारी कारोबार जगत में है। जावेद नागपुर में चोरी छिपे आता है, क्योंकि आसाम पुलिस को उसकी तलाश है। कुछ कारोबारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि, जावेद पहले आसाम में रहता था। वह आसाम से भागकर बांग्लादेश चला गया है और अब बांग्लादेश से नागपुर में सुपारी का धंधा कर रहा है। इसके साथ हिमांशु, टिंकू, भानुशाली, सूचक सहित कई लोगों द्वारा काम करने की जानकारी सामने आ रही है.

नागपुर में सुपारी के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों की धरपकड़ का काम डीआरआई की टीम ने भी किया था। गत दिनों पुलिस परिमंडल-3 की उपायुक्त महक स्वामी के विशेष दस्ते ने गुप्त सूचना पर शांति नगर में दामू चंदवानी के गोदाम पर छापा मारा था और करीब 18 लाख का माल जब्त किया था। एफडीए ने इस मामले से जुड़े दस्तावेज सुपारी मालिक भूपेंद्र सादवानी से मांगे हैं।

# विभिन्न सेवाओं के लिए 7 दिवसीय शिविर आयोजित

**कामठी.**

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, किशोरी भोयर कॉलेज ऑफ फार्मेसी (एसकेबीसीओपी) कामठी ने स्थानीय समुदाय को विभिन्न उपयोगी सेवाएं प्रदान करने के लिए गादा गांव में 7 दिवसीय शिविर का उद्घाटन सोमवार 16 दिसंबर को गादा में किया गया. यह शिविर 22 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा.

ज्ञात हो कि शिविर का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक कार्यों में शामिल करना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है. यह आयोजन व्यक्तित्व विकास और सामुदायिक जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा.




शिविर के उद्घाटन समारोह में प्राचार्य डॉ. मिलिंद उमेकर, डॉ. अतुल हेमके, डीन स्टुडंट वेलफेअर आर. टी. लोहिया, सरपंच सचिन डांगे, उपसरपंच मोहन मारबते, खुशाल येवले, पोलीस पाटील श्रीमती वंदना चकोले, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अर्शिया और प्राथमिक विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मीना अरसाडे की उपस्थिति रही. मुख्य अतिथियों का गुलदस्ते के साथ स्वागत किया गया. समारोह में संयोजक श्रावणी खुले ने स्वयंसेवकों को शिविर में कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनसे समाज में योगदान करने के लिए इस अवसर का उपयोग करने का आग्रह किया. मुज़म्मिल खान ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा, जिन्होंने मुख्य अतिथि और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि स्वयंसेवक समाज की बेहतरी के लिए 100% योगदान देंगे. शिविर में 110 से अधिक ग्रामीणों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया. डॉ. आशीष मेटकर, डॉ. मोनिका आगलवे और ईशा नागपुर हॉस्पिटल के सहायक कर्मचारियों ने जांच की और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का पता लगाया। एसकेबीसीओपी कामठी की एनएसएस इकाई ने लोक कल्याण डायग्नोस्टिक्स नागपुर के सहयोग से सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया परीक्षण किया, जिसमें पायल मालधारी और प्रतीक्षा देशमुख और सहायक कर्मचारियों ने सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया परीक्षण के लिए नमूने लिए. इसके अलावा, जरूरतमंदों को मुफ्त दवाएं वितरित की गईं. अगले दिनों के दौरान, एसकेबीसीओपी की एनएसएस इकाई ने निम्नलिखित कार्यक्रम नुक्कड़ नाटक, प्राथमिक चिकित्सा शिविर, आत्मरक्षा कार्यशालाएं, रक्त समूह जांच, स्वच्छता आउटरीच, नेत्र जांच शिविर, स्तनपान जागरूकता, टीकाकरण सर्वेक्षण, महिला स्वास्थ्य स्वच्छता जागरूकता, खेल कार्यक्रम और कई अन्य गतिविधियों का आयोजन किया है. एन.एस.एस अधिकारी डॉ. मयूर काले और सुप्रिया शिधये ने कहा कि गादा में एन.एस.एस. शिविर छात्रों के नेतृत्व वाली सामुदायिक सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण होगा, जो सहयोग, स्वास्थ्य जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व को प्रदर्शित करेगा. उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि इस शिविर में भाग लेने वाले छात्र समाज में योगदान करने की प्रेरणा के साथ लौटेंगे.

# ताजाश्री मनोविकास मतिमंद मुलांची शाला में ड्रेस वितरण

**कामठी.**

ताजाश्री मनोविकास मतिमंद मुलांची शाला ने सोमवार को आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों को ड्रेस का वितरण किया.

इस अवसर पर ज़िला परिषद पूर्व सदस्य व भाजपा ज़िला महामंत्री अनिल निधान व रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे के हाथों ड्रेस वितरण किया गया.

ताजाश्री मनोविकास मतिमंद मुलांची शाला के शिक्षकों ने बताया कि यह बहुत खुशी का अवसर थी कि जो बच्चे बोल नहीं सकते सुन नहीं सकते उनको ड्रेस वितरण करके बहुत खुशी की अनुभुती हुई. बच्चों के चेहरे पर भी जबरदस्त जोश और चमक दिखाई दे रही थी हालांकि यह बच्चे ना बोल सकते हैं ना सुन सकते हैं लेकिन उनके चेहरे पर जो खुशी के भाव थे वह शब्दों से परे थे.



कार्यक्रम दौरान भाजपा कामठी शहर महामंत्री प्रभा राऊत, भारती मेश्राम, गायत्री यादव दिनेश शरण, सहित शाला की शिक्षक सुषमा शेंडे, गीता मेश्राम, मनीषा वाघमारे आदि गणमान्य नागरिक प्रमुखता से मौजुद रहें.

# जिला अस्पताल में रिक्त पदों का ग्रहण

## > संविदा कर्मियों के भरोसे चल रहा अस्पताल

**गोंदिया.**

गोंदिया जिला सरकारी अस्पताल में मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल रहा है। इसका मुख्य कारण अस्पताल में चिकित्सकों के 50 फीसदी से अधिक पद रिक्त होना बताया जा रहा है। उपचार सही तरह से नहीं मिलने के कारण मरीज निजी अस्पतालों की ओर रुख कर रहे हैं। अस्पताल में जो रिक्त पद है, वह अनेक माह से नहीं भरे गए हैं।

बता दें कि गोंदिया जिले की जनसंख्या लगभग 14 लाख तक पहुंच चुकी है। जिले के नागरिकों को उत्तम दर्जे की स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए गोंदिया शहर में एकमात्र शासकीय जिला सामान्य अस्पताल है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों मरीज दूरदराज से उपचार के लिए पहुंचते हैं। लेकिन समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण मरीजों की हालत गंभीर हो जाती है।




अस्पताल में एक्स-रे से लेकर सीटी स्कैन तक की सुविधा होकर विविध बीमारियों पर उपचार किया जाता है।

लेकिन चिकित्सक एवं विशेषज्ञों के अनेक पद रिक्त होने से समय पर उपचार नहीं मिलता। अस्पताल व्यवस्थापन की ओर से रिक्त पदों के लिए अनेक बार विज्ञापन भी प्रकाशित किए गए। लेकिन प्रतिसाद नहीं मिल रहा है। पता चला है कि जिन चिकित्सकों के पद भरे गए हैं, उन्हें संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया है। जिससे चिकित्सक पद के लिए उम्मीदवारों द्वारा प्रतिसाद नहीं दिया जा रहा है। अगर चिकित्सक तथा अन्य पदों की भर्तियां स्थायी रूप से की जाए तो रिक्त पद निश्चित रूप से भर जाएगे।

### 50 फीसदी पद रिक्त

इस संबंध में जिला शल्य चिकित्सक डा. अमरीश मोहबे ने बताया कि जिला अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी, परिचारिका सहित द्वितीय श्रेणी के तकरीबन 50 फीसदी पद रिक्त होने से समस्या निर्माण हो रही है। संविदा के बजाय रिक्त पदों पर सरकार द्वारा स्थायी रूप से भर्ती की जाए तो अच्छा प्रतिसाद मिलेगा। हालांकि मरीजों को समय पर उपचार मिले, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर महाराष्ट्र पुलिस का नाम रोशन करें: भुजबल

गोंदिया. जीवन में खेलों का अनन्य साधारण महत्व है। पढाई से बौद्धिक विकास होता है एवं खेलों से शारीरिक विकास होता है। खेलों के कारण तनाव दूर होता है और स्वास्थ्य उत्तम रहता है। इससे एकता एवं भाईचारे की भावना निर्माण होती है। परिक्षेत्रीय क्रीड़ा स्पर्धा में जिस तरह पुलिस बल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर सफलता प्राप्त की है। इसी प्रकार भविष्य में अभ्यास कर जनवरी-फरवरी 2025 में आयोजित की जाने वाली राज्यस्तरीय पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा में भाग लेकर खिलाड़ी अपने जिले, परिक्षेत्र एवं महाराष्ट्र पुलिस का नाम रोशन करें। उक्ताशय के उद्गार नागपुर परिक्षेत्र के विशेष पुलिस महानिरीक्षक डा. दिलीप पाटील भुजबल ने 15 दिसंबर को गोंदिया में आयोजित नागपुर परिक्षेत्रीय पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा के पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह में व्यक्त किए। इस अवसर पर जिप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरूगानंथम, गडचिरोली परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अंकित गोयल, गोंदिया के पुलिस अधिक्षक गोरख भामरे, भंडारा के गुरूर हसन, नागपुर के हर्ष पोद्दार, चंद्रपुर की अपर पुलिस अधिक्षक लिना जनबंधु, गडचिरोली के पुलिस अधिक्षक निलोत्पल, वर्धा के अनुराग जैन एवं गोंदिया के अपर पुलिस अधिक्षक नित्यानंद झा उपस्थित थे।



गौरतलब है कि इस वर्ष नागपुर परिक्षेत्रीय पुलिस क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन 11 से 15 दिसंबर तक गोंदिया जिले में किया गया था। डा. भुजबल ने उत्कृष्ट आयोजन के लिए जिला पुलिस अधिक्षक गोरख भामरे एवं जिले के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों का अभिनंदन भी किया। प्रास्ताविक संबोधन में जिला पुलिस अधिक्षक गोरख भामरे ने कहा कि 5 दिवसीय परिक्षेत्रीय क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन स्थानीय जिला पुलिस मुख्यालय मैदान कारंजा, जिला क्रीड़ा संकुल एवं इंदिरा गांधी स्टेडियम में किया गया था। इस स्पर्धा में गोंदिया, भंडारा, चंद्रपुर, गडचिरोली, नागपुर ग्रामीण और वर्धा जिले के 700 पुरूष एवं 200 महिला खिलाड़ी मिलाकर कुल 900 खिलाड़ी सम्मिलित हुए। क्रीड़ा स्पर्धा में पुरूष वर्ग में चंद्रपुर जिले को प्रथम चैम्पियनशिप एवं महिला वर्ग में गडचिरोली जिले को चैम्पियनशिप मिली। इस अवसर पर उत्कृष्ट खेलों का प्रदर्शन करने वाले को अतिथियों के हाथों प्रशस्ती पत्र और सम्मान चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन मंजूश्री देशपांडे ने तथा आभार प्रदर्शन अपर पुलिस अधिक्षक नित्यानंद झा ने किया। अगले वर्ष परिक्षेत्रीय क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन भंडारा जिले में किए जाने की घोषणा भी की गई।

# भारत विद्यालय के खिलाड़ियों का जिला स्तरीय आष्टेडू आखाड़ा स्पर्धा में जलवा



**हिंगनघाट.**

क्रीडा व युवक सेवा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य पुणे अंतर्गत जिल्हा क्रीडा अधिकारी कार्यालय और जिला क्रीडा परिषद वर्धा द्वारा 12 दिसंबर को जिला क्रीडा संकुल, वर्धा में आयोजित जिला स्तरीय आष्टेडू आखाडा स्पर्धा में भारत विद्यालय, हिंगनघाट के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 14 व 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भारत विद्यालय के अदवेद एरमे, आलोक यादव, उत्कर्ष वराडे, कृतिका तराले, लक्ष्मी भिसे, अथर्व नामेवार और लावण्या चोले ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इन सभी खिलाड़ियों का चयन विभागीय आष्टेडू आखाडा स्पर्धा के लिए हुआ है। इस सफलता पर प्रोग्रेसिव एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष गोकुलदास राठी, उपाध्यक्ष श्याम भिमनवार, सचिव रमेश धारकर, मुख्याध्यापक राजूजी कारवटकर, उपमुख्याध्यापक हरीश भट्टड, पर्यवेक्षक नांदुरकर, पर्यवेक्षिका सौ. बुरीले मैडम, क्रीडा विभाग प्रमुख विनोद कोसुरकर, क्रीड़ा शिक्षक संदीप चांभारे और प्रशिक्षिका संजना चौधरी सहित सभी शिक्षकों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और खिलाड़ियों के आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

# 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीदों को अभिवादन

### 1971 युद्ध की जीत दुनिया की सबसे बड़ी घटना: कर्नल थापा

**देवली.**

'विपरीत परिस्थितियों में युद्ध विजय की सफलता की कहानी लिखना बहुत कठिन होता है. लेकिन भारतीय सैनिकों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करके और बाधाओं पर काबू पाकर 3 से 16 दिसंबर 1971 के बीच हुए युद्ध में जीत हासिल की। युद्ध में पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर होना पड़ा और दुनिया को भारतीय सैनिकों की वीरता का परिचय दिया। स्थानीय एस.एस.एन.जे. कॉलेज के प्रांगण में 16 दिसंबर विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 21 महाराष्ट्र बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल नवनीत थापा ने कहा कि इस युद्ध में जीत दुनिया की सबसे सर्वश्रेष्ठ घटना है.

विजय दिवस के अवसर पर एन.सी.सी. छात्र सैनिकों के लिए सैन्य जीवन पर आधारित बाधा कोर्स प्रशिक्षण परीक्षण, ड्रिल स्क्वाड टेस्ट और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य




मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुनीता सोनारे और 21 महाराष्ट्र बटालियन एनसीसी के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल नवनीत थापा और एनसीसी अधिकारी कैप्टन मोहन गुजरकर उपस्थित थे।

ड्रिल स्क्वाड टेस्ट में अंडर ऑफिसर प्रतीक क्षीरसागर, कैडेट ख़ुशी पचारे और अंडर ऑफिसर आदर्श नाइक को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कैडेट वैष्णवी कन्नाके, कैडेट नीलिमा बांगड़कर और कैडेट कांचन राउत को प्रथम, दूसरा और तीसरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया.इस अवसर पर एनसीसी कैडेट सैनिकों के लिए 10 प्रकार के बाधा कोर्स प्रशिक्षण की साहसिक झलक प्रदर्शन के रूप में प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल नवनीत थापा ने शहीद स्मारक के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की, जबकि एनसीसी के छात्र सैनिकों ने राइफल से सलामी देकर भारत-पाक युद्ध के शहीदों को सलामी दी। एनसीसी अधिकारी कैप्टन मोहन गुजरकर ने अपने परिचयात्मक भाषण में छात्र सैनिकों के समक्ष 1971 के युद्ध की वीरगाथा प्रस्तुत की।

अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ. सोनारे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एनसीसी की गतिविधि सराहनीय एवं दूसरों के लिए प्रेरणादायक है. कार्यक्रम का संचालन सार्जेंट कोमल शितले ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन अंडर ऑफिसर सुप्रिया यादव ने किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के प्रोफेसर, एनसीसी छात्र सैनिक एवं पूर्व छात्र सैनिक शामिल हुए। एनसीसी के गीत 'हम सब भारतीय हैं...' के साथ विजय दिवस का समापन हुआ.

# 45,250 रुपये का अवैध शराब सामग्री जब्त

**हिंगनघाट.**

पुलिस को मिली गुप्त जानकारी के आधार पर कल पुलिस ने हिंगणघाट के नांदगाव निवासी सुभाष मंगरुडकर के घर पर छापा मारते हुए कोमल गिरसावले को अवैध रूप से देशी-विदेशी शराब बेचते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया।



गुन्हे प्रकटिकरण पथक की टीम ने पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवडे एवं उपविभागीय पुलिस अधिकारी रोशन पंडित के निर्देशानुसार और हिंगनघाट पुलिस निरीक्षक मनोज गभने के आदेश से यह कार्रवाई की। रेड के दौरान पुलिस ने नांदगाव (बोरगांव) में स्थित घर की तलाशी लेकर कुल 45,250 रुपये मूल्य का शराब माल जब्त किया। जब्त की गई सामग्री में शामिल हैं:

रॉयल स्टैग कंपनी की विदेशी शराब के 48 बॉटल्स, कुल मूल्य - 16,800 रुपये, ओसी ब्लू कंपनी की 35 बॉटल्स, कुल मूल्य - 12,250 रुपये, रॉयल ग्रीन कंपनी की 8 बॉटल्स, कुल मूल्य - 2,800 रुपये, टुबर्ग कंपनी की विदेशी बीयर के 8 कैन, कुल मूल्य - 2,400 रुपये, देशी प्रीमियम शराब की 100 बॉटल्स, कुल मूल्य - 10,000 रुपये, 2 लोहे की पेटियां, कुल मूल्य - 1,000 रुपये इस कार्रवाई में आरोपी सुभाष बालकृष्ण मंगरुडकर (45) और कोमल नामदेवराव गिरसावले (25), दोनों निवासी नांदगाव (बोरगांव), के खिलाफ दारूबंदी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस स्टेशन हिंगणघाट के डी.बी. पथक के पुलिस हवलदार प्रशांत ठोंबरे, चंद्रशेखर वाढवे, पो. ना. राहुल साठे, विवेक वाकडे, पो. शी. मंगेश वाघमारे, आशीष नेवारे, विजय काले, शिव यादव, और राहुल दूध कोहले ने सक्रिय भूमिका निभाई। हिंगनघाट पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

# धम्मपद ग्रंथ वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

**हिंगनघाट.**

स्थानीय सम्यक बुद्ध विहार, मेकिंग प्रबुद्ध नगर, हिंगणघाट में दिनांक 15 दिसंबर 2024 को बुद्ध विहार पंच कमेटी के तत्वावधान में धम्मपद ग्रंथ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गौतम बुद्ध और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण एवं बुद्ध वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रलय तेलंग (अध्यक्ष, सम्यक बुद्ध विहार बौद्ध पंच कमेटी एवं पूर्व नगरसेवक) ने की। कार्यक्रम के प्रमुख मार्गदर्शक के रूप में प्रा. प्रवीण कांबले (आंबेडकरी विचारक एवं संपादक, त्रैमासिक निलाई, नागपुर), कवि एवं गजलकार सूर्यकांत मुनघाटे, छत्रपाल तामगाडगे, नरेश पाटील, शरद कांबले और एस. आर. खेडकर (पूर्व प्राचार्य) उपस्थित थे।



मुख्य मार्गदर्शक प्रा. प्रवीण कांबले ने मार्गशीर्ष पूर्णिमा के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि इस दिन बुद्ध धम्म में महिला संघ का गठन किया गया था। उन्होंने आंबेडकरी आंदोलन की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें आपसी मतभेदों को छोड़कर एकजुट होकर कार्य करना चाहिए।

इसके अलावा छत्रपाल तामगाडगे ने पंचशील और दान परमीता पर मार्गदर्शन दिया, जबकि कवि सूर्यकांत मुनघाटे ने धम्मपद ग्रंथ की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान नरेश पाटील ने निलाई विषय पर मार्गदर्शन दिया और शरद कांबले ने धम्मपद ग्रंथ पर आधारित गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रलय तेलंग ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हमें अपनी शक्ति और ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाते हुए बुद्ध धम्म का प्रचार-प्रसार करना चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि सभी को एकजुट होकर आंदोलन को मजबूत बनाना चाहिए।

### 12 बुद्ध विहारों के प्रतिनिधियों ने की उपस्थिति

कार्यक्रम में हिंगणघाट शहर के विभिन्न बुद्ध विहारों जैसे - सम्राट अशोक बुद्ध विहार, संबोधी बुद्ध विहार, महाबोधी काजी वार्ड, कल्पतरु बुद्ध विहार, सिद्धार्थ बुद्ध विहार, जीवक बुद्ध विहार, श्रावस्ती बुद्ध विहार, रमाई बुद्ध विहार, यशोधरा बुद्ध विहार, और सम्यक बुद्ध विहार आदि के महिला मंडलों और पदाधिकारियों की उपस्थिति दर्ज हुई। कार्यक्रम का प्रास्ताविक अमिषा तेलंग ने किया, जबकि संचालन का कार्य प्राचार्य अस्मिता भगत ने कुशलतापूर्वक संभाला। अंत में आभार प्रदर्शन चंद्रकला उमरे ने किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए भिमा झांबरे, कांता मानकर, आम्रपाली भालशंकर, रेखा इंदुरकर, बबीता ढेपे, सुधीर रिंगणे, सुरेश ढेपे सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अथक परिश्रम किया।

# जन्मदिन पर शिक्षिका ने छात्रों को शैक्षणिक सामग्री और खाद्य पदार्थ वितरित किये



**हिंगणघाट.**

पंचायत समिति हिंगणघाट के अंतर्गत आने वाले वाघोली केंद्र की जिला परिषद उच्च प्राथमिक शाला, जामणी में शिक्षिका प्रतिभा गुल्हाने ने अपने जन्मदिन के अवसर पर शाला के 90 छात्रों को शैक्षणिक सामग्री जैसे नोटबुक और खाद्य पदार्थों के रूप में बिस्किट पैकेट और चॉकलेट का वितरण किया। इसके अलावा, आंगनवाड़ी के छोटे बच्चों को भी नोटबुक और खाद्य सामग्री दी गई। इस छोटे कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला के मुख्याध्यापक विलास हिवंज ने की, जबकि प्रमुख अतिथि के रूप में शाला के शिक्षक दिनेश कावले और भूषण सावलकर उपस्थित थे। इस अवसर पर शाला के शिक्षकों और छात्रों ने प्रतिभा गुल्हाने को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन कक्षा चौथी की छात्रा कु. निधि दारोंडे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन कक्षा तीसरी की कु. मनस्वी वाघमारे ने किया। कार्यक्रम की सफलता में कक्षा तीसरी और चौथी के छात्रों का विशेष योगदान रहा।

# भारत विद्यालय के 'खरी कमाई' कार्यक्रम को छात्रों का उत्साहपूर्ण प्रतिसाद

## > आनंद मेले में छात्रों ने दिखाया व्यावसायिक कौशल

**हिंगणघाट.**

भारत विद्यालय, हिंगणघाट में स्काउट गाइड महोत्सव के अंतर्गत 'खरी कमाई' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसे छात्रों और अभिभावकों से अच्छा प्रतिसाद मिला। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को मेहनत कर व्यवसाय चलाने, लाभ कमाने और आत्मनिर्भर बनने का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के मुख्याध्यापक राजूजी कारवटकर, उपमुख्याध्यापक हरीश भट्टड़, पर्यवेक्षिका नीलाक्षी बुरीले और पर्यवेक्षक विनोद नांदुरकर के हस्ते सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन और रिबन काटकर किया गया।

मुख्याध्यापक राजू कारवटकर ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि, "स्काउट गाइड के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व विकास में मदद मिलती है। इस आनंद मेले के आयोजन से छात्रों को 'खरी कमाई' का व्यावहारिक ज्ञान मिलता है और उनके व्यावसायिक कौशल का विकास होता है।" कार्यक्रम में कक्षा 5 से 10 तक के छात्रों ने विभिन्न फूड स्टॉल लगाए, जिनमें पाव भाजी, पानी पुरी, मोमोज, पेस्ट्री, भेल, चाय, कॉफी, नूडल्स और मंचूरियन जैसे स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध थे। इन स्टॉल्स को छात्रों ने खुद तैयार किया और अभिभावकों व शिक्षकों ने इसका आनंद लिया।



इस आनंद मेले में मिडिल स्कूल विभाग से 75 स्टॉल और हाईस्कूल विभाग से 12 स्टॉल शामिल हुए। स्टॉलों के परीक्षण के लिए परीक्षक के रूप में गजानन मेघरे, सविता धारकर, श्रीरंग बोकारे,अपर्णा धारकर,श्रीकांत आवारी और रोहिणी देशपांडे उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन कु. निकिता कामडी ने किया।

स्काउट प्रमुख मंगेश अकर्ते, प्रशांत बाभुलकर और गाइड प्रमुख अर्चना सुरपाम ने आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था की। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और स्काउट गाइड के छात्रों का विशेष योगदान रहा।

'खरी कमाई' कार्यक्रम ने छात्रों में आत्मनिर्भरता और व्यावसायिक सोच को प्रोत्साहित किया और उन्हें वास्तविक जीवन का अनुभव प्रदान किया।

# यात्रियों से वसूले गए 2 लाख रुपए

## गंदगी फैलाने वालों पर भी की गई कार्रवाई

**गोंदिया.**

ट्रेनों में बेटिकट यात्रियों की बढ़ती संख्या को लेकर रेलवे प्रशासन समय-समय पर टिकट जांच अभियान चला रहा है। जिसके माध्यम से बेटिकट, अनियमित यात्रा करने वालों से जुर्माना वसूल कर टिकट लेकर ही यात्रा करने की हिदायत दी जा रही है। रेलवे प्रशासन द्वारा एक सप्ताह तक चलाए गए विशेष टिकट जांच अभियान में 687 मामलें दर्ज किए गए। जिससे 2 लाख 8 हजार 630 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

गौरतलब है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह के निर्देश पर वाणिज्य निरीक्षक एवं टिकट जांच



कर्मियों द्वारा विभिन्न गाड़ियों तथा प्रमुख स्टेशनों में जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। 7 से 13 दिसंबर तक चलाए गए विशेष जांच अभियान के दौरान ट्रेनों में बिना टिकट, अनियमित यात्रा व अन्य के कुल 687 मामलें दर्ज कर कुल 2 लाख 8 हजार 630 रुपए वसूले गए। जिसमें धूम्रपान के 1 मामले से 200 रुपए एवं रेल परिसर में गंदगी फैलाने वाले कुल 27 यात्रियों से 2 हजार 900 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया। इस अभियान के दौरान पेंट्रीकार में खानपान सामग्रियों के सुरक्षित भंडारण से संबंधित विभिन्न उपकरणों की सही स्थिति की जांच, पेंट्रीकार में स्वच्छता सहित टिकट चेकिंग जांच के अलावा यात्रियों की शिकायतों का त्वरित निदान हेतु कदम उठाए गए।

### आज से जुड़ेंगे सामान्य डिब्बे

मुंबई-गोंदिया-मुंबई विदर्भ एक्सप्रेस क्रमांक 12106/12105 में दो अतिरिक्त सामान्य कोच जोड़ा जा रहा है। इसके जुड़ने से अब इन गाड़ियों में सामान्य कोच की संख्या चार हो जाएगी। यह सुविधा मुंबई से 16 दिसंबर से एवं गोंदिया से 17 दिसंबर 2024 से मिलेगी।

# अपूर्व विज्ञान मेला का आयोजन



**हिंगनघाट.** स्थानिक भारत विद्यालय, वेला में दिनांक 16 दिसंबर को सुबह 11:30 बजे अपूर्व विज्ञान मेले का उद्घाटन माननीय मुख्याध्यापिका हिंगमीरे के करकमलों से संपन्न हुआ। इस अपूर्व विज्ञान मेले में पूर्व माध्यमिक विभाग से 15 विद्यार्थियों तथा माध्यमिक विभाग से 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान शिक्षक तिमांडे सर, खैरकर सर और मुले सर का विशेष योगदान रहा।

# 19 को विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ का धरना आंदोलन

**गोंदिया.**

शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की प्रलंबित मांगों को हल करने की मांग को लेकर विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से विधानसभा के शीतकालीन अधिवेशन के दौरान गुरुवार 19 दिसंबर को दोपहर 12 से 4 बजे तक नागपुर में धरना आंदोलन किया जाएगा। राज्य की निजी एवं स्थानीय स्वराज्य संस्था अंतर्गत संचालित प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शालाओं एवं निजी अनुदानित आदिवासी आश्रम शालाओं के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की अनेक समस्याएं शासन की ओर प्रलंबित है। प्रलंबित समस्याओं को हल करने के लिए विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से पूर्व विधायक वी.यू. डायगव्हाने के मार्गदर्शन में विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ के सरकार्यवाह तथा विधायक सुधाकर अडबाले, अध्यक्ष अरविंद देशमुख के नेतृत्व में यह आंदोलन किया जाएगा। इस धरना आंदोलन में विदर्भ के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों से बड़ी संख्या में शामिल होने का आव्हान विदर्भ माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रमेश काकडे, जयप्रकाश धोटे, जयदीप सोनखासकर, विजय ठोकल, विभागीय कार्यवाह चंद्रशेखर रहांगडाले, बालासाबह गोटे, भूषण तल्हार तथा जिला तहसील पदाधिकारियों ने किया है।

# जिला स्तरीय वक्तृत्व प्रतियोगिता में कौस्तुभ पाचडे प्रथम

**वर्धा.** यशवंत ग्रामीण शिक्षण संस्थान एवं यशवंत कॉलेज वर्धा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित महोत्सव 'यशवंत भरारी 2024' में विभिन्न जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बजाज साइंस कॉलेज, वर्धा के कक्षा 12वीं के छात्र कौस्तुभ गणेश पाचड़े ने "सोशल मीडिया की लत, समाज की बदली छवि" विषय पर अपने विचार व्यक्त किये और जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में यशवंत ग्रामीण शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष समीर देशमुख, पुलिस निरीक्षक शुभांगी वजे, प्राचार्य गिरीश ठाकरे के हाथो प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.

# आस्था ने संभाला दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र का कार्यभार

**नागपुर.**

दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (द.म.क्षे.सां. केंद्र), नागपुर के निदेशक पद का कार्यभार मंगलवार को आस्था गोडबोले कार्लेकर ने ग्रहण किया। केंद्र के सहायक निदेशक दीपक कुलकर्णी ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर आस्था गोडबोले कार्लेकर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया।






आस्था गोडबोले कार्लेकर एक प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना और रंगमंच कलाकार हैं। उन्होंने कथक का प्रशिक्षण अपनी माँ और लखनऊ घराने की नृत्यांगना सविता गोडबोले से प्राप्त किया है। उन्होंने गोवा की स्कूल ऑफ ड्रामा से थिएटर आर्ट्स में डिप्लोमा, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संस्कृत साहित्य में एम.ए. और राजा मानसिंह तोमर विश्वविद्यालय, ग्वालियर से कथक में एम.ए. किया है। उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भारत सरकार के सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र से जूनियर स्कॉलरशिप तथा सीनियर स्कॉलरशिप भी प्राप्त हुई है। साथ ही, संस्कृति मंत्रालय द्वारा उन्हें कथक नृत्य के लिए जूनियर फेलोशिप भी दी गई है। वह हिंदी, मराठी, कोकणी, मालवी, संस्कृत के अलावा इंग्लिश, फ्रेंच और रशियन भाषाओं की जानकार हैं। आस्था गोडबोले कार्लेकर भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की पैनलबद्ध कलाकार और दूरदर्शन की श्रेणीबद्ध कलाकार भी हैं। इससे पहले वह भारतीय संस्कृति केंद्र, ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में कार्यरत थीं और वर्तमान में वह 'लयशाला ललित कला फाउंडेशन' की निदेशक भी हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने कई कार्यशालाओं और समारोहों में अपनी प्रस्तुति दी हैं, साथ ही प्रशिक्षण भी प्रदान किया है। उन्होंने अनेक नाटकों और नृत्य नाटिकाओं का निर्देशन भी किया है।

# माधव नेत्रालय चैरिटेबल ट्रस्ट के नये संचालक मंडल की घोषणा



सत्यनारायण नुवाल



डॉ. अविनाश चन्द्र अग्निहोत्री

**नागपुर.**

माधव नेत्रालय, नेत्र संस्थान एवं अनुसंधान केन्द्र चैरिटेबल ट्रस्ट की बीते रविवार का 15 को माथव नेत्रालय, पुरुषोत्तम भवन, निकट गजानन नगर टी पॉईंट, नागपुर में नूतन संचालक मंडल की घोषणा की गई।

यह घोषणा सभी के समक्ष माधव नेत्रालय चैरिटेबल ट्रस्ट की चुनाव अधिकारी सपना भिसे द्वारा की गई। मा. सत्यनारायण नुवाल, अध्यक्ष, निखिल मुंडले, उपाध्यक्ष डॉ. अविनाश चन्द्र अग्निहोत्री, महासचिव डॉ. अनिल शर्मा, संयुक्त सचिव सी.ए. बालकृष्ण भरतिया, कोषाध्यक्ष विमलकुमार श्रीवास्तव कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मिलिंद हरदास, कार्यकारिणी सदस्य मनिष मालाणी कार्यकारिणी सदस्य सुधाकर गोखले, कार्यकारिणी सदस्य संदीप धर्माधिकारी कार्यकारिणी सदस्य वंदना वर्णेकर कार्यकारिणी सदस्य मेजर जनरल अनिल बाम पादेन सदस्य, प्रबंध निदेशक आदि का योगदान रहा

# एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम का सफल आयोजन

**नागपुर.**

नागपुर के कमिन्स कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा एआईसीटीई प्रायोजित 6 दिवसीय ऑनलाइन अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 2024-25 का आयोजन सेंचुरी मैटेरियल्स: मैटेरियल साइंस और टेक्नोलॉजी में प्रगति के विषय पर 9 दिसंबर से 14 दिसंबर तक किया गया। यह कार्यक्रम अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मटेरियल्स इंटरनेशनल, पुणे चैप्टर के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सामग्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवीनतम विकास, सतत विकास के लिए सामग्री, जैव-सामग्री, नैनो-मटेरियल्स, कंपोजिट्स, प्राचीन सामग्री तकनीकी, संरक्षण, ऑटोमोटिव और अन्य उद्योगों के अनुप्रयोगों पर चर्चा की गई।कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं में वसंत मेहरकुरे (सेवानिवृत्त), सीएमटीएल, कमिन्स इंडिया लिमिटेड, प्रशांत के, वीएनआईटी नागपुर के डॉ. ए.एस. ढोबळे, टोरंटो मेट्रोपोलिटन विश्वविद्यालय के डॉ. रवि, डॉ. एच. गाडे, एमएनआईटी जयपुर, डॉ. एम. कोरी, बेळगाव,एनआईटी सिलचर के डॉ. ए. देवघरे, उदयन पाठक (सेवानिवृत्त), टीएटीए मोटर्स, डॉ. विजय डिडोळकर, जीएचआरसीई नागपुर के डॉ. लौकिक राऊत, गोयल इंडस्ट्री पुणे के प्रदीप गोयल, डीआरडीओ अंबरनाथ के डॉ. विजय निंबाळकर और कनाडा के डॉ. बर्नोली ए. शामिल थे। इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों और उद्योगों से 160 से अधिक प्राध्यापक और विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कमिन्स कॉलेज, नागपुर के प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापूरकर और यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख डॉ. शैलेश खेकळे के मार्गदर्शन में प्रा. प्रसन्न महानकर, प्रा. योगेश दांडेकर, यांत्रिकी विभाग के प्राध्यापक और निखिल सेंगर द्वारा किया गया।

# देउरवाड़ा के पास सड़क दुर्घटना

## > दुपहिया वाहन की टक्कर में तीन लोग गंभीर जख्मी

**दिग्रस.** तेज रफ्तार दुपहिया वाहन ने ऑटो (ऐपे) को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. इस दुर्घटना में तीन लोग बुरी तरह जख्मी हुए है. सोमवार को देउरवाड़ा गांव के समीप स्थित आरा मशीन के पास उपरोक्त सड़क दुर्घटना शाम 5 बजे सामने आयी. सूत्रों ने बताया कि, दिग्रस से चिंचपातर गांव की ओर जा रहे ऐपे वाहन को पीछे से आ रहे एक दुपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मारी,जिसमे ऐपे में पीछे बैठा हुआ एक व्यक्ति और दुपहिया पर सवार दो लोग बुरी तरह जख्मी हुए है. दुपहिया वाहन सवार व्यक्तियों का नाम पता नही चल सका. जबकि ऐपे में पीछे बैठे हुए व्यक्ति का नाम चिंचपातर निवासी 50 वर्षीय दिलीप सुखदेव जाधव बताया गया है. घटना के तुरंत बाद घटनास्थल पर उपस्थित नागरिकों ने जख्मियों को ग्रामीण अस्पताल पहुंचाया. जहां डॉक्टरों ने जख्मियों पर प्राथमिक उपचार कर उन्हें आगे के उपचार के लिए यवतमाल रवाना किया. दुपहिया सवार दो लोगों की स्थिति गंभीर है.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 235-0 | 239-4 |
| श्रीदेवी नाईट | 178-6 | 348-5 |
| प्रभात | 990-8 | 277-6 |
| प्रभात नाईट | 338-4 | - |
| डायमंड | 477-8 | 456-5 |
| मेन बाजार | 460-0 | |
| मिलन डे | 189-8 | 178-6 |
| मेन रतन | 347-4 | 234-9 |
| कल्याण | 468-8 | 589-2 |
| राजधानी डे | 123-6 | 130-4 |
| राजधानी नाईट | 157-3 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 140-5 | 780-5 |

# महिला स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन

**सौंसर.** आयुष्मान आरोग्य मंदिर, रिधोरा द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य में आयुष सेवाओं के अंतर्गत "आयुष्मान आरोग्य शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन औषधालय में पदस्थ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोना नाग शिववेदी के मार्गदर्शन में हुआ। शिविर में बुजुर्ग, महिलाएं, धात्री महिलाएं और बालिकाओं सहित अन्य लोगों की मधुमेह, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन और वजन का निःशुल्क परीक्षण किया गया। इसके साथ ही महिलाओं में होने वाली बीमारियों जैसे श्वेत प्रदर, अनियमित मासिक स्त्राव और गर्भावस्था के दौरान शरीर में होने वाले बदलावों की जानकारी दी गई। शिविर में योग प्रशिक्षक ने महिलाओं और बच्चों को योगाभ्यास एवं प्राणायाम करवाया। इसके अलावा उपस्थित लोगों को निःशुल्क होम्योपैथिक औषधि भी प्रदान की गई। इस शिविर के सफल आयोजन में औषधालय की कंपाउंडर छाया मरकाम, औषधालय सेवक अशोक लवाले, योग प्रशिक्षक और योग सहायक का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# महाराष्ट्र में इलैक्ट्रोहोम्योपैथी का नया दौर शुरू: डॉ.शर्मा

**धर्मशाला/नागपुर।**





ईडीएमए महाराष्ट्र और त्रीदेवी इलैक्ट्रोहोम्यो एजेंसी के सौजन्य से नागपुर में आयोजित 17-18 दिसंबर दो दिवसीय सेमिनार को सम्बोधित करते हुए डॉ.संजीव शर्मा ने बताया कि पंजाब के बाद महाराष्ट्र राज्य में इलैक्ट्रोहोम्योपैथी का नया दौर शुरू हुआ है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र में हज़ारों चिकित्सक प्रैक्टिस कर रहे हैं और सरकार की ओर से इस पद्धति को शासकीय मान्यता प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डॉ.संजीव शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा पूर्ण शासकीय मान्यता प्रदान करने के बाद पद्धति के विकास व संवर्धन के लिए कार्य शुरू किया है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ़ से इलैक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति को अपनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। रबिसन इंस्टीट्यूट आफ इलैक्ट्रोहोम्योपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन महाराष्ट्र के उपनिदेशक डॉ.आर.सी. प्रजापति ने बताया कि इस सेमिनार में महाराष्ट्र के अलावा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटका, तेलंगाना, गुजरात सहित कई राज्यों के 100 से अधिक चिकित्सकों ने हिस्सा लिया और पद्धति की बारीकियों को समझा। सेमिनार में शामिल चिकित्सकों ने काऊंट सीजर मैट्टी के चित्र पर माल्यार्पण करके उन्हें याद किया और चिकित्सा पद्धति को अपनाने का आह्वान किया। डॉ संजीव शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि जो व्यक्ति पूरी तरह अपनी पद्धति से प्रैक्टिस कर रहे है उन्हें रबिसन की तरफ़ से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# रनाला की आकांक्षा और समता का सीआईएसएफ में चयन

**कामठी.**

रनाला स्थित ओमनगर कॉलोनी निवासी व नूतन सरस्वती स्कूल में सीनियर क्लर्क में कार्यरत आकाश काटरपवार की सुपुत्री आकांक्षा काटरपवार एवं जूना गांव निवासी व ग्राम पंचायत में कार्यरत वसंता गणेर की सुपुत्री समता गणेर का सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) में चयन हुआ.

उल्लेखनीय है कि सीआईएसएफ भारत का केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है जो गृह मंत्रालय के नियंत्रण में काम करता है. सीआईएसएफ को देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा प्रदान करने का दायित्व सौंपा गया है. इनमें परमाणु ऊर्जा संयंत्र, अंतरिक्ष प्रतिष्ठान, हवाई अड्डे, बंदरगाह, बिजली संयंत्र, संवेदनशील सरकारी इमारतें, दिल्ली मेट्रो और यहां तक कि विरासत स्मारक भी शामिल हैं. सीआईएसएफ और वीआईपी सुरक्षा वर्तमान में, सीआईएसएफ - जेड प्लस, जेड, एक्स, वाय श्रेणियों के तहत संरक्षित व्यक्तियों को भी सुरक्षा कवर प्रदान कर रहा है. ज्ञात हो कि आकांक्षा काटरपवार एवं समता गणेर दोनों सहेलियों ने अपनी दिन रात की मेहनत और लगन से बिना ट्यूशन के सिविल सर्विस में जाने की तैयारी शुरू की और कड़ी लगन व मेहनत के बलबूते से सीआईएसएफ में चयन हुआ. जिसका परिणाम यह हुआ कि दोनों को देश सेवा करने का मौका मिला है. आकांक्षा काटरपवार व समता गणेर दोनों के चयन होने के बाद परिवार व रणाला क्षेत्र में खुशी का माहौल है.



वहीं आकांक्षा काटरपवार व समता गणेर दोनों के घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है. इस कड़ी में ओम नगर दुर्गा उत्सव समिति कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय एवं सदस्य नीलम राजकुमार सिंह बघेल के नेतृत्व में वीणा सौमित्र नंदी, वंदना दीपक निकोसे, कु.आंचल राजकुमार सिंह बघेल, कु. रिया दीपक निकोसे, कु.श्रुति सौमित्र नंदी, कु. अदिता अभिषेक यादव ने आकांक्षा काटरपवार व समता गणेर को पुष्पगुच्छ प्रदान कर भविष्य की शुभकामनाएं दी. इस मौके पर वर्षा आकाश काटरपवार, कामिनी वसंता गणेर, कु.दिव्या आकाश काटरपवार, कु. अविका वसंता गणेर आदि महिलाएं प्रमुखता से मौजूद रहीं.

